Roll No. | | | | | | | | |

(Write Roll Number from left side exactly as in the Admit Card)

*Signature of Invigilator*

**Question Booklet Series** **X**

**PAPER–II** **Question Booklet No.**

(Identical with OMR Answer Sheet Number)

**Subject Code : 04**

# HINDI

*Time : 2 Hours* *Maximum Marks: 200*

***Instructions for the Candidates***

1. Write your Roll Number in the space provided on the top of this page as well as on the OMR Sheet provided.
2. At the commencement of the examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 (five) minutes, you are requested to open the booklet and verify it:
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page.
   (ii) Faulty booklet, if detected, should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.
   (iii) Verify whether the Question Booklet No. is identical with OMR Answer Sheet No.; if not, the full set is to be replaced.
   (iv) After this verification is over, the Question Booklet Series and Question Booklet Number should be entered on the OMR Sheet.
3. This paper consists of One Hundred (100) multiple-choice type questions. All the questions are compulsory. Each question carries *two* marks.
4. Each Question has four alternative responses marked: (A) (B) (C) (D) . You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each question.
   *Example:* (A) (B) ● (D) , where (C) is the correct response.
5. Your responses to the questions are to be indicated correctly in the OMR Sheet. If you mark your response at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Rough work is to be done at the end of this booklet.
7. If you write your Name, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except in the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity or use abusive language or employ any other unfair means, such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
8. Do not tamper or fold the OMR Sheet in any way. If you do so, your OMR Sheet will not be evaluated.
9. You have to return the Original OMR Sheet to the invigilator at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry question booklet and duplicate copy of OMR Sheet after completion of examination.
10. **Use only Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator, mobile phone, electronic devices/gadgets etc. is strictly prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answer.**

***परीक्षार्थियों के लिए निर्देश***

1. इस प्रश्न-पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ के उपर तथा OMR पत्रक पर भी नियत स्थान पर अपना रोल नंबर (क्रमांक संख्या) लिखें।
2. परीक्षा प्रारंभ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जाएगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जांच के लिए दिए जाएंगे, जिसकी जांच आपको अवश्य करनी है:
   (क) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके आवरण (कवर) पृष्ठ पर लगी सील को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टिकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें।
   (ख) दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/ प्रश्न कम हों या दुबारा आ गए हों या सीरियल (क्रम) में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिए जाएंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जाएगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जाएगा।
   (ग) प्रश्न-पुस्तिका की क्रम संख्या का OMR की क्रम संख्या के साथ मिलान कर लें, यदि दोनों की क्रम संख्या में मेल ना हो तो उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका और OMR ले लें।
   (घ) इस जांच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें।
3. इस प्रश्न-पत्र में 100 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए *दो* अंक निर्धारित हैं।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिए गए हैं। आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है।
   *उदाहरण :* (A) (B) ● (D) जहां (C) सही उत्तर है।
5. प्रश्नों के उत्तर केवल दिए गए OMR पत्रक पर ही निर्धारित स्थान पर अंकित करना है। यदि आप OMR पत्रक पर दिए गए वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा।
6. रफ (कच्चा) कार्य इस प्रश्न-पुस्तिका के अंतिम पृष्ठ पर करें।
7. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नंबर, फोन नंबर या कोई भी ऐसी चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं अथवा कोई भी अनैतिक कार्य करते हैं जैसे OMR को खुरचना या उसपर सफेद स्याही का प्रयोग करना, तो परीक्षा के लिए अयोग्य घोषित किए जा सकते हैं।
8. OMR पत्रक को किसी-भी प्रकार से मोड़ने या नष्ट करने का प्रयास ना करें। यदि आप ऐसा करते हैं तो आपकी OMR का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जाएं। यद्यपि आप परीक्षा समाप्ति पर प्रश्न-पुस्तिका और OMR पत्रक की डुप्लिकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं।
10. **केवल काले बॉल पॉइंट पेन का ही इस्तेमाल करें।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर), मोबाईल फोन, इलेक्ट्रॉनिक यंत्र आदि का प्रयोग वर्जित है।**
12. **गलत उत्तर के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएंगे।**

## PAPER II
## (HINDI)

**1.** ''हमारे सभ्यता – दर्पित शिष्ट समाज का काव्यानंद छिछला और उसका लक्ष्य सस्ता मनोरंजन मात्र रहता है।'' – यह अंश किस रचना से उद्धृत है?

(A) माटी की मूरतें

(B) ठकुरी बाबा

(C) एक कहानी यह भी

(D) जामुन का पेड़

**2.** 'उत्तराफाल्गुनी' क्या नहीं है?

(A) काल नट्टिन

(B) उपंग वाद्य

(C) वाणप्रस्थ

(D) त्रिभंग

**3.** रचनाकाल के अनुसार हबीब तनवीर के नाटकों का सही अनुक्रम है :

(A) आगरा बाजार, मिट्टी की गाड़ी, द ब्रोकन ब्रिज, जहरीली हवा

(B) जहरीली हवा, मिट्टी की गाड़ी, आगरा बाजार, द ब्रोकन ब्रिज

(C) आगरा बाजार, जहरीली हवा, द ब्रोकन ब्रिज, मिट्टी की गाड़ी

(D) जहरीली हवा, आगरा बाजार, मिट्टी की गाड़ी, द ब्रोकन ब्रिज

**4.** निम्नलिखित कहानियों के स्त्री पात्रों को सुमेलित कीजिए :

| *सूची-I* | *सूची-II* |
|---|---|
| (a) परिन्दे | (i) हीराबाई |
| (b) गैंग्रीन | (ii) चंपा |
| (c) आकाशदीप | (iii) मालती |
| (d) तीसरी कसम | (iv) लतिका |

*कूट :*

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (C) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (D) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**5.** 'गिल, अब तो विश्वास करोगे, जनता निर्जीव नहीं है। जनता सदा मूक भी नहीं रहती।' — किसकी उक्ति है?

(A) कनक

(B) पूरी

(C) तारा

(D) डॉ० प्राणनाथ

**6.** खड़ीबोली को किस भाषाविद ने 'देशी हिन्दुस्तानी' कहा था?

(A) सुनीति कुमार चटर्जी

(B) सर विलियम जोंस

(C) सुकुमार सेन

(D) ग्रियर्सन

**7.** ''आध्यात्मिक रंग के चश्मे आजकल बहुत सस्ते हो गये हैं। उन्हें चढ़ाकर जैसे कुछ लोगों ने 'गीतगोविन्द' के पदों को आध्यात्मिक संकेत बताया है, वैसे ही विद्यापति के इन पदों को भी।'' – किसका कथन है?

(A) ग्रियर्सन

(B) शिवसिंह सेंगर

(C) रामचन्द्र शुक्ल

(D) रामविलास शर्मा

**8.** 'समासयुक्त पदावली' की प्रधानता होती है :

(A) समाधि गुण में

(B) ओज गुण में

(C) माधुर्य गुण में

(D) प्रसाद गुण में

**9.** भारतेन्दु युग में पंक्ति – 'हमारो उत्तम भारत देश' – किनके द्वारा रचित है?

(A) राधाकृष्ण दास

(B) प्रतापनारायण मिश्र

(C) राधाचरण गोस्वामी

(D) प्रेमघन

**10.** निम्नलिखित पंक्तियों को कवि के साथ सुमेलित कीजिए :

| *सूची-I* | *सूची-II* |
|---|---|
| (a) ऊसर हिरदै राम सनि होई रे | (i) मीराबाई |
| (b) पिउ बियोग अस बाउर जीऊ | (ii) कबीर |
| (c) सुभग शीतल कमल, त्रिविध ज्वाला हरण | (iii) जायसी |
| (d) भूमि सप्त सागर मेखला एक भूप रघुपति कोसला | (iv) तुलसीदास |

*कूट :*

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (B) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (C) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (D) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |

**11.** ''चल-चल देता है लाद-लादकर बार-बार बनजारा; सब ठाठ धरा रह जाता; घन बस दूर क्षितिज का तारा।'' यह पंक्तियाँ 'अरे यायावर रहेगा याद' के किस शीर्षक से सम्बद्ध हैं?

(A) माझुली
(B) किरणों की खोज में
(C) बहता पानी निर्मला
(D) परशुराम से तूरख़म

**12.** 'संस्कृति की संग्राहकता' की हिमायत करनेवाले हैं :

(A) नामवर सिंह
(B) अज्ञेय
(C) दिनकर
(D) हजारीप्रसाद द्विवेदी

**13.** 'भारत दुर्दशा' नाटक में कितने अंक हैं?

(A) 5 अंक
(B) 6 अंक
(C) 4 अंक
(D) 7 अंक

**14.** 'इंस्पेक्टर मातादीन चाँद पर' कहानी के लेखक कौन हैं?

(A) ज्ञानरंजन
(B) मोहन राकेश
(C) हरिशंकर परसाई
(D) सुभद्राकुमारी चौहान

**15.** 'शरद् पुण्या की रात' किस उपन्यास का अंश है?

(A) आपका बंटी
(B) वाणभट्ट की आत्मकथा
(C) ज़िन्दगीनामा
(D) मानस का हंस

**16.** भोलानाथ तिवारी के अनुसार भाषा वैज्ञानिक दृष्टि से इनमें से कौन मूलत: प्राचीन खड़ीबोली से सम्बद्ध है?

(A) मगही
(B) बघेली
(C) दक्खिनी
(D) गढ़वाली

**17.** निम्नलिखित रचनाओं को रचनाकार के साथ सुमेलित कीजिए :

| *सूची-I* | *सूची-II* |
|---|---|
| (a) सुरति मिश्र | (i) सुजानचरित |
| (b) तोष | (ii) इश्कनामा |
| (c) सूदन | (iii) रसगाहक चंद्रिका |
| (d) बोधा | (iv) सुधानिधि |

*कूट :*

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (C) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (D) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

**18.** कला 'ज्ञान भी है, रूप भी', किसने कहा?

(A) आई० ए० रिचर्ड्स
(B) हीगेल
(C) क्रोचे
(D) एवरक्राम्बी

**19.** 'गाँधी, अंबेदकर और लोहिया : भारतीय इतिहास की समस्याएँ' का लेखक है —

(A) कँवल भारती
(B) रामविलास शर्मा
(C) मोहनदास नैमिशराय
(D) मैनेजर पाण्डेय

**20.** कर्ण द्वारा कवच और कुंडल दान करने का प्रसंग 'रश्मिरथी' के किस सर्ग में आता है?

(A) प्रथम

(B) चतुर्थ

(C) पंचम

(D) सप्तम

**21.** ''सभी धर्मस्थान झूठ के अड्डे हैं ... धर्म वस्तुत: झूठ की आयु को लम्बा करने में बड़ा सहायक है।'' – यह अंश 'मेरी तिब्बत यात्रा' के किस शीर्षक से सम्बद्ध है?

(A) ल्हासा से उत्तर की ओर

(B) ञेनम् की ओर

(C) चाङ् की ओर

(D) नेपाल की ओर

**22.** 'जगत तपोवन सो कियो' नामक निबंध-संग्रह लिखा है

(A) भारतेन्दु हरिश्चंद्र ने

(B) विद्यानिवास मिश्र ने

(C) विवेकी राय ने

(D) कुबेरनाथ राय ने

**23.** भारतसंघ के राजकीय प्रयोजनों के लिए प्रयुक्त होनेवाले अंकों का रूप है

(A) राष्ट्रीय

(B) अन्तर्राष्ट्रीय

(C) प्रादेशिक

(D) इनमें से कोई नहीं

**24.** जयशंकर प्रसाद के कहानी संग्रहों का प्रकाशन काल के हिसाब से सही अनुक्रम बताइए :

(A) आकाशदीप, इंद्रजाल, आँधी, प्रतिध्वनि

(B) प्रतिध्वनि, आँधी, आकाशदीप, इंद्रजाल

(C) आकाशदीप, आँधी, इंद्रजाल, प्रतिध्वनि

(D) प्रतिध्वनि, आकाशदीप, आँधी, इंद्रजाल

**25.** उपन्यास के साथ उनके पात्रों को सुमेलित कीजिए :

| *सूची-I* | *सूची-II* |
|---|---|
| (a) उर्मिला | (i) मैला आँचल |
| (b) मिट्ठी | (ii) झूठा-सच |
| (c) लछमी | (iii) धरती धन न अपना |
| (d) प्रतापी | (iv) ज़िन्दगीनामा |

*कूट :*

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (C) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (D) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |

**26.** निम्नलिखित में से कौन-सा उच्चारण तंत्र स्थिर उच्चारण तंत्र के अन्तर्गत नहीं आता?

(A) कण्ठ नलिका

(B) जिह्वा

(C) नासिका विवर

(D) दाँत

**27.** 'तुमको पीड़ा में ढूँढा, तुममें ढूँढूँगी पीड़ा' — किस काव्य संग्रह की पंक्तियाँ हैं?

(A) नीहार

(B) रश्मि

(C) नीरजा

(D) सांध्यगीत

**28.** रस विवेचन में 'कारण रूप' किसे कहा गया है?

(A) विभाव को

(B) अनुभाव को

(C) स्थायी भाव को

(D) निष्पत्ति को

**29.** 'द्विवेदी युग के साहित्य पर कर्त्तव्यपरायण उपयोगिता की छाप है।' — यह मान्यता किस आलोचक की है?

(A) हजारीप्रसाद द्विवेदी

(B) विश्वनाथ त्रिपाठी

(C) रामविलास शर्मा

(D) मैनेजर पाण्डेय

**30.** *स्थापना* (*A*) : 'राम की शक्तिपूजा' में रावण ने अपनी कठोर आराधना से शिव की शक्ति को अपने पक्ष में कर लिया है, जिनके समक्ष राम का सारा पुरुषार्थ और रणकौशल व्यर्थ हो जाता है।

*तर्क* (*R*) : राम का अंकन युगीन संवेदना के अनुकूल यहाँ पूरी तरह मानवीय यथार्थ धरातल पर हुआ है।

*कूट*:

(A) (*A*) सही (*R*) गलत

(B) (*A*) गलत (*R*) सही

(C) (*A*) गलत (*R*) गलत

(D) (*A*) सही (*R*) सही

**31.** 'एक साहित्यिक की डायरी' के अन्तर्गत 'तीसरा क्षण' में लेखक के मित्र का नाम है

(A) केशव

(B) संजय

(C) रवि

(D) राहुल

**32.** 'मेरे लेखन की पृष्ठभूमि ग्राम-जीवन है', यह कथन किस निबंधकार का है?

(A) हजारीप्रसाद द्विवेदी

(B) विद्यानिवास मिश्र

(C) विवेकी राय

(D) नामवर सिंह

**33.** 'सिंदूर की होली' नाटक का रचना समय है

(A) 1935 ई०

(B) 1932 ई०

(C) 1934 ई०

(D) 1933 ई०

**34.** 'अरे तुम क्या जानो, इन लोगों की हँसी ऐसी ही होती है। हँसी में किसी के प्राण भी निकल जाए तो भी इन्हें दया न आवे।' इन पंक्तियों को किस पात्र ने कहा है?

(A) जानकी

(B) चंदा

(C) दिलफरेब

(D) लछमा

**35.** ''जमीन किसकी?.. जोतने वालों की! जो जोतेगा, वह बोयेगा, जो बोयेगा वह काटेगा! कमाने वाला खाएगा, इसके चलते जो कुछ हो।'' — किसकी उक्ति है?

(A) गोबर

(B) कालीचरण

(C) काली

(D) जयदेव पुरी

**36.** निम्न में से कौन-सी ध्वनि खण्डेतर ध्वनि है?

(A) अ

(B) ऊ

(C) क्

(D) न्

**37.** सांप्रदायिक तनाव को केन्द्र में रखकर कौन-सा उपन्यास लिखा गया?

(A) बीच में विनय

(B) सात आसमान

(C) माई

(D) हमारा शहर उस बरस

**38.** आई० ए० रिचर्ड्स के अनुसार उच्च कोटि की कविता

(A) अपवर्जी काव्य है

(B) अन्तर्वेशी काव्य है

(C) सरलीकृत काव्य है

(D) मिश्रतावादी काव्य है

**39.** 'नासिकेतोपाख्यान' की भाषा है

(A) ब्रज प्रधान

(B) फारसी प्रधान

(C) संस्कृत प्रधान

(D) अवधी प्रधान

**40.** वय:संधि का वर्णन किस पंक्ति से सम्बद्ध है?

(A) मनमथ कोटि मथन करु जे जन

(B) सैसव जौवन दुहु मिलि खेल

(C) जमुना के तिर उपवन उद्‌बेगल

(D) अंगहि अंग अनंग मुरछायत

**41.** 'संस्कृति के चार अध्याय' के प्रथम अध्याय का शीर्षक है :

(A) भारतीय जनता की रचना

(B) भारतीय जनता और भाषा की कसौरी

(C) भारतीय जनता की रचना और हिन्दू संस्कृति का आविर्भाव

(D) भारतीय जाति का आगमन

**42.** व्यक्तिव्यंजक निबंधकारों में प्रथम पांक्तेय है

(A) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(B) प्रतापनारायण मिश्र

(C) बालकृष्ण भट्ट

(D) बाल मुकुन्द गुप्त

**43.** गुप्त साम्राज्य के पारिवारिक कलह और, आंतरिक संघर्ष को प्रस्तुत करनेवाला प्रसाद जी का ऐतिहासिक नाटक है

(A) अजातशत्रु

(B) स्कंदगुप्त

(C) चंद्रगुप्त

(D) जनमेजय का नागयज्ञ

**44.** 'त्याग-बलिदान, प्रेम और देशभक्ति का अमरगान' किस कहानी की केंद्रीय संवेदना है?

(A) लालपान की बेगम

(B) उसने कहा था

(C) कानों में कंगना

(D) अपना-अपना भाग्य

**45.** ''इसलिए कि मेरा होना अनिवार्य रूप से तुम्हारे होने को लेकर है — ठीक वैसे ही जैसे तलवार में धार का होना सान की पूर्वकल्पना करता है।'' — यह उक्ति किस चरित्र को सम्बोन्धित कर कही गयी है?

(A) शेखर

(B) सरस्वती

(C) शशि

(D) ईश्वरदत्त

**46.** सुमेलित कीजिए :

| *सूची-I* | *सूची-II* |
|---|---|
| (a) संवृत | (i) ए, ओ |
| (b) अर्धसंवृत | (ii) आ, ऑ |
| (c) अर्धविवृत | (iii) ई, ऊ |
| (d) विवृत | (iv) अ, औ |

*कूट :*

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (C) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (D) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**47.** रचनाकारों के साथ रचनाओं को सुमेलित कीजिए :

| *सूची-I* | *सूची-II* |
|---|---|
| (a) ममता कालिया | (i) शहर के नाम |
| (b) मृदुला गर्ग | (ii) उसका यौवन |
| (c) चित्र मुद्‌गल | (iii) तीसरी हथेली |
| (d) राजी सेठ | (iv) लाक्षागृह |

*कूट :*

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (B) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (C) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (D) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |

**48.** रस के बारे में 'रसो वै स:' जैसी उक्ति है

(A) छान्दोग्य उपनिषद् में

(B) तैत्तिरीय उपनिषद् में

(C) कठोपनिषद् में

(D) ईशावास्योपनिषद् में

**49.** सुमेलित कीजिए :

| *सूची-I* | *सूची-II* |
|---|---|
| (a) जूठन | (i) 2019 ई० |
| (b) मूर्दहिया | (ii) 2003 ई० |
| (c) वीरांगना झलकारी बाई | (iii) 1997 ई० |
| (d) उत्कोच | (iv) 2010 ई० |

*कूट :*

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (B) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (C) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (D) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |

**50.** 'पूजा-सेवा-नेम-व्रत, गुड़ियन का सा खेल' — इसमें किस बात पर बल दिया गया है?

(A) गुड़िया जैसा प्रेम करना

(B) पूजा-व्रत का महत्व

(C) भक्ति का चरम भाव

(D) बाह्याडंबर की व्यर्थता

**51.** 'क्या भूलूँ क्या याद करूँ' के प्रारंभ में उद्धृत पंक्ति ''मैं स्वयं अपनी पुस्तक का विषय हूँ'' — किसकी है?

(A) अनातोले

(B) सेंट जॉन

(C) रोमां रोलां

(D) मानतेन

**52.** 'चिन्तामणि भाग-1' के 'निवेदन' में अंकित तिथि है

(A) 2 फरवरी, 1939

(B) 9 मार्च, 1939

(C) 3 अप्रैल, 1939

(D) 13 मई, 1939

**53.** 'महाभोज' नाटक की प्रथम प्रस्तुति किसके निर्देशन में हुई?

(A) ओमपुरी

(B) दयाप्रकाश सिन्हा

(C) धर्मवीर भारती

(D) श्रीमती अमाल अलाना

**54.** 'मैं अनुचर हूँ, वरुणदेव की शपथ। मैं विश्वासघात नहीं करूँगा।' प्रस्तुत कथन किस पात्र का है?

(A) मातादीन

(B) दिलफिगार

(C) जगपति

(D) बुधगुप्त

**55.** '' __________ भुजंग से भी अधिक कुटिल है, असिधारा से भी अधिक दुर्गम है, विद्युत शिखा से भी अधिक चंचल।''

सटीक शब्द से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :

(A) समाज

(B) राजनीति

(C) युद्ध

(D) मस्तिष्क

**56.** राजभाषा के लिए गठित संसद की समिति में कितने सदस्य होते हैं?

(A) बीस

(B) पच्चीस

(C) तीस

(D) चालीस

**57.** प्रवासी साहित्य की मूलभूत संवेदना कौन–सी है?

(A) प्रवासी जीवन का चित्रण

(B) गृहातुरता का आविष्कार

(C) भारतीय संस्कृति के प्रति लगाव

(D) (A), (B) और (C) तीनों

**58.** 'शब्दार्थौ सहितौ वक्रकविव्यापारशालिनी' जैसी पंक्ति के उद्भावक हैं

(A) भट्टतौत

(B) भामह

(C) कुन्तक

(D) आनन्दवर्धन

**59.** सुधीश पचौरी की पुस्तक है

(A) उत्तर आधुनिकता और उत्तर संरचनावाद

(B) उत्तर आधुनिकतावाद : एक मूल्यांकन

(C) उत्तर आधुनिकता की चुनौतियाँ

(D) उत्तर आधुनिकतावाद : एक विमर्श

**60.** सूफी काव्य की विशेषताएँ हैं

(a) मसनवी शैली

(b) सगुण उपासना

(c) योग साधना

(d) हिन्दू घरों की कहानियाँ

कूट :

(A) (a) और (c) सही

(B) (a) और (d) सही

(C) (a) और (b) सही

(D) (b) और (d) सही

**61.** 'भोलाराम का जीव' का यह कथन ''राजनीतिक दलों के नेता विरोधी नेता को उड़ा कर कहीं बंद कर देते हैं'' – किसका है?

(A) चित्रगुप्त

(B) दूत

(C) धर्मराज

(D) नारद

**62.** निबंधकारों में 'फसली लेखक' किसे कहा गया था?

(A) प्रतापनारायण मिश्र

(B) बालकृष्ण भट्ट

(C) बाल मुकुन्द गुप्त

(D) सरदार पूर्ण सिंह

**63.** ''प्रेम का नाम न लो! वह एक पीड़ा थी जो छूट गयी। उसकी कसक भी धीरे–धीरे दूर हो जायेगी। राजा मैं तुम्हें प्यार नहीं करती।'' प्रस्तुत संवाद किस नाटक का है और किसने कहा है?

(A) आषाढ़ का एक दिन — मल्लिका ने

(B) आगरा बाजार — शोहदा ने

(C) एक और द्रोणाचार्य — अनुराधा ने

(D) ध्रुवस्वामिनी — कोमा ने

**64.** निम्नलिखित में से सुभद्राकुमारी चौहान का कहानी संग्रह नहीं है

(A) उन्मादिनी

(B) मोर्चाबंदी

(C) सीधे साधे चित्र

(D) बिखरे मोती

**65.** ''नास्तिक जब विश्वास करने पर आता है, तो बड़े पंडित उसके आगे नहीं टिक सकते।'' — किस उपन्यास का वाक्यांश है?

(A) मानस का हंस

(B) धरती धन न अपना

(C) शेखर एक जीवनी

(D) मैला आँचल

**66.** निम्नलिखित में से कौन-सी राजभाषा की विशेषता नहीं है?

(A) वह अधिकांश भारतीयों द्वारा बोली जाती है।

(B) इसमें अलंकारों का प्रयोग नहीं होता है।

(C) इसकी शब्दावली परिनिष्ठित होती है।

(D) इसकी भाषा औपचारिक होती है।

**67.** *स्थापना* (*A*) : कबीर ने आत्मानुभव के ज्ञान को गूँगे के गुड़ के समान माना है।

*तर्क* (*R*) : संत कवियों की तरह सगुण भक्त कवियों ने भी आत्मानुभव के महत्व को स्वीकारा है और एकांत साधना में लीन रहने का उपदेश दिया है।

*कूट*:

(A) (*A*) सही (*R*) गलत

(B) (*A*) सही (*R*) सही

(C) (*A*) गलत (*R*) सही

(D) (*A*) गलत (*R*) गलत

**68.** 'दुलहिनी गावहु मंगल चार
हम घर आये राजाराम भरतार'
— पंक्तियों में कौन-सा प्रतीक सक्रिय है?

(A) प्राकृतिक प्रतीक

(B) ऐतिहासिक प्रतीक

(C) सांस्कृतिक प्रतीक

(D) शास्त्रीय प्रतीक

**69.** ''मैं चाहता हूँ कि अंग्रेजी का सार्वजनिक प्रयोग बंद हो। लोकभाषा के बिना लोकराज्य असंभव है।''

(A) महात्मा गाँधी

(B) जवाहरलाल नेहरु

(C) राममनोहर लोहिया

(D) मौलाना अबुल कलाम आज़ाद

**70.** 'रामचरितमानस' के कांडों का सही क्रम लिखिए :

(A) बालकांड, अयोध्या कांड, अरण्य कांड, सुंदर कांड

(B) बालकांड, अरण्य कांड, सुंदर कांड, अयोध्या कांड

(C) अयोध्या कांड, बालकांड, सुंदर कांड, अरण्य कांड

(D) बालकांड, सुंदर कांड, अयोध्या कांड, अरण्य कांड

**71.** ''नहीं ढकूँगी सिर! क्यों ढकूँ? क्या लड़के सिर ढँककर चलते हैं?'' 'आपहुदरी' का यह कथन किसका है?

(A) लेखिका की माँ

(B) लेखिका की बुआ

(C) लेखिका के पिता

(D) लेखिका का भाई

**72.** 'ज्ञान-प्रसार के भीतर ही भाव-प्रसार होता है' — प्रस्तुत पंक्ति किस निबंध में है?

(A) कविता क्या है

(B) संस्कृति और सौंदर्य

(C) मजदूरी और प्रेम

(D) उठ जाग मुसाफिर

**73.** निम्नलिखित नाटकों को उनके नाटककारों के साथ सुमेलित कीजिए :

| *सूची-I* | *सूची-II* |
|---|---|
| (a) अंधेर नगरी | (i) मन्नूभंडारी |
| (b) सिंदूर की होली | (ii) उपेंद्रनाथ अश्क |
| (c) अंजोदीदी | (iii) लक्ष्मीनारायण लाल |
| (d) महाभोज | (iv) भारतेंदु |

*कूट* :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (B) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (C) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (D) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |

**74.** 'जो जेवर बिका, तो कुछ बनकर ही आया हूँ, निरा लंडूरा तो नहीं लौट आया। जितना दिया था, उससे दुगना ले लेना'' —
प्रस्तुत पंक्तियाँ किस कहानी की है?

(A) अपना-अपना भाग्य

(B) लालपान की बेगम

(C) दुनिया का सबसे अनमोल रत्न

(D) चीफ की दावत

**75.** प्रकाशन काल के अनुसार सही क्रम चुनिए :

(A) ज़िन्दगीनामा, आपका बंटी, राग दरबारी, धरती धन न अपना

(B) आपका बंटी, धरती धन न अपना, राग दरबारी, ज़िन्दगीनामा

(C) राग दरबारी, ज़िन्दगीनामा, धरती धन न अपना, आपका बंटी

(D) राग दरबारी, आपका बंटी, धरती धन न अपना, ज़िन्दगीनामा

**76.** शुद्ध वर्तनी चुनिए :

(A) द्वितिय

(B) द्वितीय

(C) द्वीवीतिय

(D) द्विवीतीय

**77.** महादेवी के किस रेखाचित्र का पात्र हिरणी है?

(A) गिल्लू

(B) सोना

(C) रानी

(D) नीलू

**78.** कोमल पदोवाली, उचित समासयुक्त, विश्लेषण-प्रधान वर्णनवाली शैली

(A) वैदर्भी रीति है

(B) गौड़ी रीति है

(C) लाटी रीति है

(D) पांचाली रीति है

**79.** 'नरक दर नरक' किनका उपन्यास है?

(A) नासिरा शर्मा

(B) चित्रा मुद्‌गल

(C) मृदुला गर्ग

(D) ममता कालिया

**80.** काव्य पंक्तियों को रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए :

| *सूची-I* | *सूची-II* |
|---|---|
| (a) कौन हो तुम वसंत के दूत विरस पतझड में अतिसुकुमार | (i) सुमित्रानंदन पंत |
| (b) कपि हुए नम्र, क्षण में माता छवि लीन | (ii) महादेवी वर्मा |
| (c) मृत्यु तुम्हारा गरल दंत, कंचुक कल्पांतर | (iii) जयशंकर प्रसाद |
| (d) मेरा पग-पग संगीत भरा | (iv) निराला |

*कूट* :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (B) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (C) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (D) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |

**81.** 'मुर्दहिया' आत्मकथा का सम्बन्ध किस जिले के किस गाँव से है?

(A) आजमगढ़ के धरमपुर गाँव से

(B) आजमगढ़ के भोजपुर गाँव से

(C) आजमगढ़ के धरवारा गाँव से

(D) आजमगढ़ के सुरहनपुर गाँव से

**82.** प्रतापनारायण मिश्र की निबंध-शैली की विशेषता नहीं है

(A) प्रश्नात्मकता

(B) संस्कृत शब्दावली

(C) काव्यात्मकता

(D) वैचारिकता

**83.** निम्नलिखित पंक्तियाँ किस नाटक की हैं?

''सब कुछ बह गया
मेरे अपने वैयक्तिक मूल्य
मेरी निश्चिंत किंतु ज्ञान हीन आस्थाएँ।''

(A) चंद्रगुप्त

(B) महाभोज

(C) आगरा बाज़ार

(D) अंधायुग

**84.** 'राही' कहानी की केंद्रीय संवेदना में यह विचार प्रमुख है —

(A) न्याय एवं शासन व्यवस्था की भ्रष्टता

(B) अमीरों का जीवन चित्र

(C) राष्ट्र की परिकल्पना

(D) धार्मिक विचार

**85.** 'घबराये हुए शब्द' किस विधा की रचना है?

(A) कविता

(B) एकांकी

(C) रेखाचित्र

(D) डायरी

**86.** विज्ञापन के प्रकारों के साथ संचार-माध्यमों को सुमेलित कीजिए :

| *सूची-I* | *सूची-II* |
|---|---|
| (a) मुद्रित | (i) बेंडर |
| (b) मौखिक | (ii) टेलीविजन |
| (c) श्रव्य | (iii) रेडियो |
| (d) दृश्य | (iv) इश्तहार |

*कूट* :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (B) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (C) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (D) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |

**87.** निम्नलिखित में कौन-सी आत्मकथा दलित जीवन से सम्बद्ध नहीं है?

(A) मेरे सात जन्म

(B) जूठन

(C) मैं भंगी हूँ

(D) मेरा बचपन मेरे कंधों पर

**88.** इनमें से कौन रूसी रूपवाद का उन्नायक नहीं है?

(A) बोरिस एकेनबाम

(B) रोमन जैकोब्सन

(C) वाल्टर पेटर

(D) विक्टर श्कैलोव्सकी

**89.** सुमेलित कीजिए :

| *सूची-I* | *सूची-II* |
|---|---|
| (a) ओमप्रकाश वाल्मीकि | (i) फुलवा |
| (b) मोहनदास नैमिशराय | (ii) नो बार |
| (c) जयप्रकाश कर्दम | (iii) गोहत्या |
| (d) रत्नकुमार साँभरिया | (iv) अपना गाँव |

*कूट* :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (B) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (C) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (D) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |

**90.** सुमित्रानंदन पंत के किस काव्य के केन्द्र में अरविन्द दर्शन है?

(A) लोकायतन

(B) स्वर्ण किरण

(C) सत्यकाम

(D) युगवाणी

**91.** कृष्ण चंदर की कहानी 'जामुन का पेड़' का केन्द्रीय उद्देश्य है

(A) सांप्रदायिक मानसिकता का पर्दाफाश

(B) नौकरशाही का पर्दाफाश

(C) सामंतवादी मानसिकता का पर्दाफाश

(D) पुरुषसत्ता का पर्दाफाश

**92.** 'संस्कृति और सौंदर्य' शीर्षक निबंध का लेखक निबंध के बिल्कुल आरंभ में किसे याद करता है?

(A) कालिदास

(B) कबीर

(C) रवीन्द्रनाथ ठाकुर

(D) हजारीप्रसाद द्विवेदी

**93.** 'कालिदास के बहाने राज्याश्रय और वैयक्तिक रिश्तों की टकराहट को विषय बनाकर लिखा गया नाटक' कौन–सा है?

(A) आधे–अधूरे

(B) बकरी

(C) सिंदूर की होली

(D) आषाढ़ का एक दिन

**94.** ''ऐसे ही होते हैं डॉक्टर, सरकारी अस्पताल है न, क्या परवाह है। मैं तो रोज ही ऐसी बातें सुनती हूँ। अब कोई मर–मुर जाएँ तो खयाल ही नहीं आता। पहले तो रात–रात भर नींद नहीं आया करती थी।'' प्रस्तुत अंश किसने–किससे कहा है?

(A) चंपा ने बुधगुप्त से

(B) नरेंद्र ने किरन से

(C) मालती ने महेश्वर से

(D) वंशीधर ने जानकी से

**95.** 'तमस' को किस वर्ष साहित्य अकादेमी पुरस्कार मिला और उसी पुस्तक पर गोविन्द निहलानी ने किस वर्ष दूरदर्शन के लिए धारावाहिक तैयार किया?

(A) क्रमश: 1972 ई० एवं 1984 ई०

(B) क्रमश: 1975 ई० एवं 1980 ई०

(C) क्रमश: 1975 ई० एवं 1986 ई०

(D) क्रमश: 1977 ई० एवं 1985 ई०

**96.** निम्नलिखित में से कौन–सी बात स्वनिम के विषय में सही नहीं है?

(A) स्वनिम का सम्बंध किसी भाषा विशेष से होता है।

(B) किसी भाषा में उच्चारित ध्वनि की सबसे छोटी इकाई है स्वनिम।

(C) स्वनिम स्वनात्मक दृष्टि से असमान स्वनों का समूह है।

(D) स्वनिम किसी भाषा में व्यतिरेकी एवं अर्थभेदक रूप में उपलब्ध होता है।

**97.** कवियों के जन्मकाल के अनुसार सही अनुक्रम लिखिए :

(A) रामेश्वर शुक्ल अंचल, नागार्जुन, मुक्तिबोध, भवानीप्रसाद मिश्र

(B) नागार्जुन, भवानीप्रसाद मिश्र, रामेश्वर शुक्ल अंचल, मुक्तिबोध

(C) रामेश्वर शुक्ल अंचल, भवानीप्रसाद मिश्र, नागार्जुन, मुक्तिबोध

(D) नागार्जुन, रामेश्वर शुक्ल अंचल, भवानीप्रसाद मिश्र, मुक्तिबोध

**98.** निम्नलिखित में अरस्तू के समीक्षक हैं

(A) मैथ्यू आर्नल्ड

(B) बूचर

(C) रिचर्ड्स

(D) टी० एस० इलियट

**99.** महावीर प्रसाद द्विवेदी ने 'सरस्वती' पत्रिका के संपादन का कार्यभार सँभाला :

(A) 1905 ई० में

(B) 1903 ई० में

(C) 1907 ई० में

(D) 1908 ई० में

**100.** 'पिस गया वह भीतरी
औ ' बाहरी दो कठिन पाटों बीच
ऐसी ट्रेजडी है नीच'
— यह पंक्तियाँ किस कविता की हैं?

(A) ब्रह्मराक्षस

(B) अंधेरे में

(C) भूल गलती

(D) मुझे कदम कदम पर

**Space for Rough Work**

**Space for Rough Work**

**Space for Rough Work**